**दिनेश कुमार भा.प्र.से., आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया की अध्यक्षता में दिनांक 14.08.2026 (शुक्रवार) को 03:30 बजे अपराह्न में प्रेक्षागृह, पूर्णिया में आयोजित नीलाम पत्र वाद से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :-**

---

**उपस्थिति :- पंजी के अनुसार।**

सर्वप्रथम प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा बैठक में उपस्थित समाहर्त्ता/वरीय पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज एवं सभी नीलाम पत्र पदाधिकारीयों का स्वागत किया गया। तदोपरांत बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गयी। क्रमिक रूप से पूर्व से संसूचित कार्यावली के अनुरूप समीक्षा की गयी।

**<u>बिन्दुवार स्थिति निम्नवत पायी गयी :-</u>**

पूर्णिया, कटिहार, अररिया एवं किशनगंज जिला अन्तर्गत नीलाम-पत्र वादों की माह जुलाई, 2026 तक की जिलावार स्थिति निम्नवत है :-

**1. <u>पूर्णिया जिला</u> :-**

**नीलाम पत्र वाद की समीक्षात्मक बैठक हेतु प्रतिवेदन (प्रपत्र - 'क')**

| S.r No | District | Total Number of Certificate Courts in the District as on 01.08.2026 | Jul-26 | | | | | | Total Cases Pending as on 01-08-2026 ((5+7)-9) | Total Money Involved as on 01-08-2026 ((6+8)-10) (Cr) | Body Warrants Executed from 01.07.2026 to 31.07.2026 | Body Warranzts pending for Execution till 01.08.2026 | Distress Warrants Executed from 01.07.2026 to 31.07.2026 | Distress Warrants Pending for Execution till 01.08.2026 | Oldest Case pending in the District as on 01.08.2026 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Total Cases Pending as on 01-07-2026 | Total Money Involved as on 01-07-2026 (Cr) | Total New Certificate Cases registered in July from 01.07.2026 to 31.07.2026 | Total Money involved in new registered certificate cases in July from 01.07.2026 to 31.07.2026 (Cr) | Total Cases Disposed in July from 01.07.2026 to 31.07.2026 | Total Money recovered in July from 01.07.2026 to 31.07.2026 (Cr) | | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 1 | Purnia | 65 | 16408 | 244.72 | 33 | 0.34 | 124 | 1.24 | 16317 | 243.82 | 20 | 1645 | 0 | 0 | 717/ 2016-17 |

**Bank wise PDR case Details**

| S.r No | District | No. Of Cases related State Bank of India | No. Of Cases Related to Bihar Gramin Bank | No. Of Cases Related to Punjab National Bank | No. Of Cases Related to Central Bank of India | No. Of Cases Related to Bank of Baroda | No.of Cases Related to state co-operative bank | No.of Cases Related to any other bank | Total Cases related to Bank |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Purnia | 7689 | 1935 | 102 | 486 | 185 | 23 | 1728 | 12148 |

**Department wise PDR case Details**

| Sr. No | District | No. Of Cases Related to Land | No. Of Cases Related to Food Supply | No. Of Cases Related to Co-operative | No. Of Cases Related to Mines | No.of Cases Related to Energy Dept. | No. Of Cases Related to Commercial Tax | No. Of Cases Related to Excise Dept. | No. Of Cases Related to any other Dept. | Total Cases related to Department |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | Purnia | 0 | 24 | 23 | 255 | 1351 | 12 | 22 | 1938 | 3625 |

- समीक्षा के क्रम में पाया गया कि पूर्णिया जिला में कुल-65 नीलाम-पत्र पदाधिकारी को शक्ति प्रदत्त है। जिसमें माह जुलाई, 2026 में सिर्फ 20 पदाधिकारियों द्वारा वाद का निष्पादन किया गया है एवं 22 पदाधिकारियों द्वारा एक भी वाद का निष्पादन नहीं किया गया है।
- समीक्षा के क्रम में पाया गया कि पूर्णिया जिला में दिनांक-01.08.2026 तक कुल वादों की संख्या-16317 है, जिसमें बैंक से संबंधित मामलों की संख्या-12148 (74.45%) है एवं विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों की संख्या-3625 है।
- बैंक से संबंधित मामलों में 9624 (79.22%) मामले केवल भारतीय स्टेट बैंक एवं बिहार ग्रामीण बैंक से संबंधित है।
- समीक्षा के क्रम में पाया गया कि पूर्णिया जिला में दिनांक-01.08.2026 तक Body Warrants एवं Distress Warrants से संबंधित मामले क्रमशः 1645 एवं 0 लंबित है।
- समीक्षा के क्रम में पाया गया कि पूर्णिया जिला में कुल-65 नीलाम-पत्र पदाधिकारी को शक्ति प्रदत्त है, जबकि अपर समाहर्त्ता-सह-वरीय प्रभारी पदाधिकारी, जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी, पूर्णिया द्वारा मात्र 42 नीलाम पत्र पदाधिकारी से संबंधित सूची उपलब्ध कराया गया। इस संबंध में अपर समाहर्त्ता, पूर्णिया -सह- नोडल पदाधिकारी को निदेश दिया जाता है कि नीलाम पत्र की शक्ति प्रदत्त पदाधिकारी की सूची मिलान करते हुए अगली बैठक से पूर्व स्थिति स्पष्ट करेंगे।

## 2. कटिहार जिला :-

### नीलाम पत्र वाद की समीक्षात्मक बैठक हेतु प्रतिवेदन (प्रपत्र - 'क')

| S.r No | District | Total Number of Certificate Courts in the District as on 01.08.2026 | Jul-26 | | | | | | Total Cases Pending as on 01-08-2026 ((5+7)-9) | Total Money Involved as on 01-08-2026 ((6+8)-10) (Cr) | Body Warrants Executed from 01.07.2026 to 31.07.2026 | Body Warrants pending for Execution till 01.08.2026 | Distress Warrants Executed from 01.07.2026 to 31.07.2026 | Distress Warrants Pending for Execution till 01.08.2026 | Oldest Case pending in the District as on 01.08.2026 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Total Cases Pending as on 01-07-2026 | Total Money Involved as on 01-07-2026 (Cr) | Total New Certificate Cases registered in July from 01.07.2026 to 31.07.2026 | Total Money involved in new registered certificate cases in July from 01.07.2026 to 31.07.2026 (Cr) | Total Cases Disposed in July from 01.07.2026 to 31.07.2026 | Total Money recovered in July from 01.07.2026 to 31.07.2026 (Cr) | | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 1 | Katihar | 86 | 11271 | 213.43 | 16 | 0.42 | 95 | 1.84 | 11192 | 212.01 | 13 | 932 | 0 | 132 | 01/ 1982-83 |

### Bank wise PDR case Details

| S.r No | District | No. Of Cases related State Bank of India | No. Of Cases Related to Bihar Gramin Bank | No. Of Cases Related to Punjab National Bank | No. Of Cases Related to Central Bank of India | No. Of Cases Related to Bank of Baroda | No.of Cases Related to state co-operative bank | No.of Cases Related to any other bank | Total Cases related to Bank |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Katihar | 2248 | 1619 | 230 | 536 | 172 | 162 | 4387 | 9354 |

## Department wise PDR case Details

| Sr. No | District | No. Of Cases Related to Land | No. Of Cases Related to Food Supply | No. Of Cases Related to Co-operative | No. Of Cases Related to Mines | No.of Cases Related to Energy Dept. | No. Of Cases Related to Commercial Tax | No. Of Cases Related to Excise Dept. | No. Of Cases Related to any other Dept. | Total Cases related to Department |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | Katihar | 0 | 15 | 302 | 54 | 678 | 44 | 0 | 745 | 1838 |

- समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कटिहार जिला में कुल-86 नीलाम-पत्र पदाधिकारी को शक्ति प्रदत्त है। जिसमें माह जुलाई, 2026 में 12 पदाधिकारियों द्वारा वाद का निष्पादन किया गया है एवं 74 पदाधिकारियों द्वारा एक भी वाद का निष्पादन नहीं किया गया है।
- समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कटिहार जिला में दिनांक-01.08.2026 तक कुल वादों की संख्या-11192 है, जिसमें बैंक से संबंधित मामलों की संख्या-9354 (83.58%) है एवं विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों की संख्या-1838 है।
- बैंक से संबंधित मामलों में 3867 (41.34%) मामले केवल भारतीय स्टेट बैंक एवं बिहार ग्रामीण बैंक से संबंधित है।
- समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कटिहार जिला में दिनांक-01.08.2026 तक Body Warrants एवं Distress Warrants से संबंधित मामले क्रमशः 932 एवं 132 लंबित है।

3. <u>अररिया जिला :-</u>

### नीलाम पत्र वाद की समीक्षात्मक बैठक हेतु प्रतिवेदन (प्रपत्र - 'क')

| S.r No | District | Total Number of Certificate Courts in the District as on 01.08.2026 | Jul-26 | | | | | | Total Cases Pending as on 01-08-2026 ((5+7)-9) | Total Money Involved as on 01-08-2026 ((6+8)-10) (Cr) | Body Warrants Executed from 01.07.2026 to 31.07.2026 | Body Warrants pending for Execution till 01.08.2026 | Distress Warrants Executed from 01.07.2026 to 31.07.2026 | Distress Warrants Pending for Execution till 01.08.2026 | Oldest Case pending in the District as on 01.08.2026 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Total Cases Pending as on 01-07-2026 | Total Money Involved as on 01-07-2026 (Cr) | Total New Certificate Cases registered in July from 01.07.2026 to 31.07.2026 | Total Money involved in new registered certificate cases in July from 01.07.2026 to 31.07.2026 (Cr) | Total Cases Disposed in July from 01.07.2026 to 31.07.2026 | Total Money recovered in July from 01.07.2026 to 31.07.2026 (Cr) | | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 1 | Araria | 45 | 11463 | 232.96 | 0 | 0 | 93 | 4.74 | 11370 | 228.22 | 11 | 772 | 0 | 18 | 412/ 1999-2000 |

## Bank wise PDR case Details

| S.r No | District | No. Of Cases related State Bank of India | No. Of Cases Related to Bihar Gramin Bank | No. Of Cases Related to Punjab National Bank | No. Of Cases Related to Central Bank of India | No. Of Cases Related to Bank of Baroda | No.of Cases Related to state co-operative bank | No.of Cases Related to any other bank | Total Cases related to Bank |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Araria | 1418 | 899 | 44 | 202 | 252 | 9 | 172 | 2996 |

## Department wise PDR case Details

| Sr. No | District | No. Of Cases Related to Land | No. Of Cases Related to Food Supply | No. Of Cases Related to Co-operative | No. Of Cases Related to Mines | No.of Cases Related to Energy Dept. | No. Of Cases Related to Commercial Tax | No. Of Cases Related to Excise Dept. | No. Of Cases Related to any other Dept. | Total Cases related to Department |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | Araria | 37 | 9 | 137 | 203 | 16 | 0 | 10 | 593 | 1005 |

- समीक्षा के क्रम में पाया गया कि अररिया जिला में कुल-45 नीलाम-पत्र पदाधिकारी को शक्ति प्रदत्त है। जिसमें माह जुलाई, 2026 में 14 पदाधिकारियों द्वारा वाद का निष्पादन किया गया है एवं 31 पदाधिकारियों द्वारा एक भी वाद का निष्पादन नहीं किया गया है।
- समीक्षा के क्रम में पाया गया कि अररिया जिला में दिनांक-01.08.2026 तक कुल वादों की संख्या-11370 है, जिसमें बैंक से संबंधित मामलों की संख्या-2996 (26.35%) है एवं विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों की संख्या-1005 है।
- बैंक से संबंधित मामलों में 2317 (77.34%) मामले केवल भारतीय स्टेट बैंक एवं बिहार ग्रामीण बैंक से संबंधित है।
- समीक्षा के क्रम में पाया गया कि अररिया जिला में दिनांक-01.08.2026 तक Body Warrants एवं Distress Warrants से संबंधित मामले क्रमशः 772 एवं 18 लंबित है।

**4. <u>किशनगंज जिला :-</u>**

**नीलाम पत्र वाद की समीक्षात्मक बैठक हेतु प्रतिवेदन (प्रपत्र - 'क')**

| S.r No | District | Total Number of Certificate Courts in the District as on 01.08.2026 | Jul-26 | | | | | | Total Cases Pending as on 01-08-2026 ((5+7)-9) | Total Money Involved as on 01-08-2026 ((6+8)-10) (Cr) | Body Warrants Executed from 01.07.2026 to 31.07.2026 | Body Warrants pending for Execution till 01.08.2026 | Distress Warrants Executed from 01.07.2026 to 31.07.2026 | Distress Warrants Pending for Execution till 01.08.2026 | Oldest Case pending in the District as on 01.08.2026 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Total Cases Pending as on 01-07-2026 | Total Money Involved as on 01-07-2026 (Cr) | Total New Certificate Cases registered in July from 01.07.2026 to 31.07.2026 | Total Money involved in new registered certificate cases in July from 01.07.2026 to 31.07.2026 (Cr) | Total Cases Disposed in July from 01.07.2026 to 31.07.2026 | Total Money recovered in July from 01.07.2026 to 31.07.2026 (Cr) | | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 1 | Kishanganj | 35 | 8636 | 123.28 | 0 | 0.0000 | 45 | 0.5288 | 8591 | 122.748 | 26 | 4529 | 1 | 437 | 4/ 1999-2000 |

**Bank wise PDR case Details**

| S.r No | District | No. Of Cases related State Bank of India | No. Of Cases Related to Bihar Gramin Bank | No. Of Cases Related to Punjab National Bank | No. Of Cases Related to Central Bank of India | No. Of Cases Related to Bank of Baroda | No.of Cases Related to state co-operative bank | No.of Cases Related to any other bank | Total Cases related to Bank |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Kishanganj | 3115 | 1155 | 40 | 350 | 622 | 0 | 869 | 6151 |

**Department wise PDR case Details**

| Sr. No | District | No. Of Cases Related to Land | No. Of Cases Related to Food Supply | No. Of Cases Related to Co-operative | No. Of Cases Related to Mines | No.of Cases Related to Energy Dept. | No. Of Cases Related to Commercial Tax | No. Of Cases Related to Excise Dept. | No. Of Cases Related to any other Dept. | Total Cases related to Department |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | Kishanganj | 26 | 0 | 1 | 19 | 377 | 1 | 2 | 2014 | 2440 |

- समीक्षा के क्रम में पाया गया कि किशनगंज जिला में कुल-35 नीलाम-पत्र पदाधिकारी को शक्ति प्रदत्त है। जिसमें माह जुलाई, 2026 में 11 पदाधिकारियों द्वारा वाद का निष्पादन किया गया है एवं 24 पदाधिकारियों द्वारा एक भी वाद का निष्पादन नहीं किया गया है।
- समीक्षा के क्रम में पाया गया कि किशनगंज जिला में दिनांक-01.08.2026 तक कुल वादों की संख्या-8591 है, जिसमें बैंक से संबंधित मामलों की संख्या-6151 (71.60%) है एवं विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों की संख्या-2440 है।
- बैंक से संबंधित मामलों में 4270 (69.42%) मामले केवल भारतीय स्टेट बैंक एवं बिहार ग्रामीण बैंक से संबंधित है।
- समीक्षा के क्रम में पाया गया कि किशनगंज जिला में दिनांक-01.08.2026 तक Body Warrants एवं Distress Warrants से संबंधित मामले क्रमशः 4529 एवं 437 लंबित है।

---

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि प्रमंडल में नीलाम पत्र वादों के निष्पादन की गति अत्यंत धीमी है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, दिनांक-01.08.2026 को चारों जिलों में कुल 47470 वाद लंबित है, जिसमें कुल-30649 (64.56%) मामले विभिन्न बैंकों एवं 8908 मामले विभिन्न विभागों से संबंधित है। जुलाई माह में प्रमंडल अन्तर्गत मात्र 357 वादों का निष्पादन किया गया, जबकि प्रमंडल में कुल-231 नीलाम पत्र पदाधिकारी कार्यरत हैं।

ऐसा प्रतीत होता है कि पूर्णिया प्रमंडल अन्तर्गत चारों जिलों में नीलाम-पत्र वादों के निष्पादन की स्थिति दयनीय है एवं अधिकांश पदाधिकारियों द्वारा वादों के निष्पादन में अभिरूचि नहीं ली जा रही है जो अत्यन्त ही खेदजनक है। तदालोक में निम्न निदेश दिये गए :-

- सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी सप्ताह में दो (02) दिन निश्चित रूप से नीलाम पत्र न्यायालय (Certificate Court) संचालित करेंगे। प्रत्येक नीलाम पत्र पदाधिकारी हर महीने कम-से-कम 10 वादों का निष्पादन अचूक रूप से करना सुनिश्चित करेंगे।
- सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी बैंक से संबंधित मामलों में विशेष रूचि लेते हुए संबंधित बैंक के शाखा प्रबंधक के साथ बैठक करते हुए त्वरित निष्पादन हेतु अपेक्षित कार्रवाई करेंगे। सभी बैंकों को दिनांक-20.08.2026 से पूर्व प्रथम नोटिस निर्गत कर उनसे वादों के संदर्भ में राशि वसूली की अद्यतन स्थिति अनिवार्य रूप से प्राप्त की जाए। यदि विधिवत नोटिस के बावजूद बैंक सात (07) दिन में जवाब नहीं देते हैं तो पुनः दूसरी नोटिस दिनांक-30.08.2026 तक निर्गत की जाए। तदोपरान्त वैसे वादों की निष्पादन हेतु नियमानुसार कार्रवाई की जाए। प्रभारी जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी आगामी बैठक से पूर्व इस संबंध में प्रमाण-पत्र देंगें कि सभी बैंकों को नोटिस निर्गत किया जा चुका है।
- जिन मामलों में राशि की वूसली हो चुकी है या लोक अदालत में निपटारा हो चुका है, वैसे मामलों में अद्यतन स्थिति प्राप्त करते हुए तलवाना शुल्क की वसूली अनिवार्य रूप से करते हुए मामले का नियमानुसार निपटारा करना सुनिश्चित की जाए।
- लंबित Body Warrants एवं Distress Warrants का निष्पादन अत्यंत धीमा है। इस संबंध में यह निदेश दिया जाता है कि वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक थाना स्तर पर चौकीदारों के माध्यम से लंबित वारंटों का तामिला कराते हुए लंबित वारंटों का निष्पादन सुनिश्चित करेंगे। साथ ही सभी नोडल नीलाम पत्र पदाधिकारियों वारंट से संबंधित मामलों का समेकित विवरणी

तैयार कर वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक को उपलब्ध कराएगें। साथ ही हर सप्ताह नये निर्गत वारंटों की सूची भी वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक को थानावार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

- समीक्षा के क्रम में ग्रामीण विकास (प्रधानमंत्री आवास योजना) के तहत निर्माण शुरू नहीं किये गये मामलों के संदर्भ में यह निदेश दिया जाता है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी आवास सहायकों के माध्यम से मामलों की जांच कराते हुए राशि की वसूली सुनिश्चित कर वादों को निष्पादित करेंगे।
- आगामी बैठक से पूर्व खनन एवं अन्य विभाग के अधिकारियों को नीलाम पत्र वादों में वसूली की राशि संबंधी अद्यतन प्रतिवेदन देने का निदेश दिया गया।
- सभी जिला पदाधिकारी को नीलाम पत्र वादों से संबंधित मामलों की नियमित समीक्षा करते हुए निष्पादन में शिथिलता बरतने वाले संबंधित पदाधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

अतः सभी संबंधित पदाधिकारी उक्त निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगें। इसकी समीक्षा हर महीने की जाएगी।

---

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

आयुक्त
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया

**ज्ञापांक** 3936 **पूर्णिया,** **दिनांक** 17.08.2026

**प्रतिलिपि :-** जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है की अपने जिले से संबंधित सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों को अग्रेतर कार्रवाई हेतु सूचित करेंगें।

**प्रतिलिपि :-** वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्णिया, पुलिस अधीक्षक,कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि :-** जिला पदाधिकारी, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है की अपने स्तर से सभी संबंधितों को अग्रेतर कार्रवाई हेतु सूचित करेंगें।

**प्रतिलिपि :-** विकास आयुक्त, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

**प्रतिलिपि :-** माननीय अध्यक्ष-सह-सदस्य, राजस्व पर्षद, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

**प्रतिलिपि :-** मुख्य सचिव, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

**आयुक्त**
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया